<u>“पुलिस स्मृति दिवस”</u>

(दिनाँक 21 अक्टूबर, 2019)

आंतरिक सुरक्षा अकादमी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, आबू पर्वत में दिनाँक 21 अक्टूबर, 2019 को पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। श्री के.एस. भंडारी, निदेशक/महानिरीक्षक, आंसुअ, केरिपुबल, आबू पर्वत ने इस मौके आंतरिक सुरक्षा अकादमी केरिपु बल, आबू पर्वत में शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा सेरेमोनियल गार्ड द्वारा शहीदों को शोक शस्त्र सलामी दी गई। इस अवसर पर निदेशक महोदय ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के दिन 21 अक्टूबर, 1959 में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग नामक स्थान पर सीमा की अग्रिम पंक्ति पर तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 वीर जवान चीनी हमले का मुकाबला करते हुए शहीद हो गए थे, उनकी शहादत को याद करते हुए प्रत्येक वर्ष आज के दिन सभी पुलिस और अर्धसैनिक बलों में पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में अपने कर्म की बलिवेदी पर शहीद हुए विभिन्न पुलिस बलों के कार्मिकों के नाम निदेशक महोदय ने पढ़कर सुनाए। इस अवसर पर श्री आर.एस. चौहान, उप महानिरीक्षक (प्रशासन), श्री के. थोमस जोब, उप महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), श्री के.के. पांडेय, कमांडेंट (प्रशिक्षण) तथा राजपत्रित अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और जवान उपस्थित थे।

श्री के.एस. भंडारी, निदेशक/महानिरीक्षक, आंसुअ, केरिपुबल, आबू पर्वत, पुलिस स्मृति दिवस पर संबोधित करते हुए।

श्री के.एस. भंडारी, निदेशक/महानिरीक्षक, द्वारा शहीद स्मारक पर माल्यार्पण करते हुए।

श्री के.एस. भंडारी, निदेशक/महानिरीक्षक, द्वारा शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।